6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
राजधानी • वर्ष 22 । अंक 329 । पृष्ठ : 22+6 । मूल्य : चार रुपये
अमर उजाला
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज
नई दिल्ली । शनिवार, 8 मार्च 2025 फाल्गुन शुक्ल-नवमी • विक्रम संवत-2081

यीडा सिटी के सेक्टर 28 में लगेगी सेमीकंडक्टर यूनिट

वामा सुंदरी कंपनी को एलओआई जारी, 48 एकड़ में 3706 करोड़ से स्थापित होंगी यूनिट

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। यमुना सिटी के सेक्टर-28 में ताइवान की कंपनी सेमीकंडक्टर यूनिट लगाएगी। इसका रास्ता साफ हो गया है। यमुना प्राधिकरण ने वामा सुंदरी इंवेस्टमेंट्स को लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी कर दिया है। जो एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। पहले कंपनी को सेक्टर-10 में जमीन का आवंटन करने की तैयारी थी, लेकिन वहां जमीन का अधिग्रहण नहीं हो सका। यूनिट लगने से 3700 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि कंपनी को सेक्टर-28 में 48 एकड़ जमीन का आवंटन किया गया है। इस सेक्टर में मेडिकल

डिवाइस और टॉय पार्क प्रस्तावित है। कंपनी को पहले सेक्टर-10 में 50 एकड़ जमीन देने पर सहमति बनी थी, लेकिन वहां भूमि अधिग्रहण नहीं हो सका। इस पर कंपनी को दूसरे सेक्टर में जमीन दी गई है। पिछली बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास हो गया था। बृहस्पतिवार को कंपनी के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। जहां एचसीएल के अध्यक्ष पवन कुमार दनवर, फॉक्सकॉन व वामा सुंदरी और यीडा के अधिकारी ने हलफनामे पर हस्ताक्षर किए। प्राधिकरण के अफसरों ने बताया, वामा सुंदरी कंपनी यमुना सिटी में 3706 करोड़ का निवेश करेगी।

पहले साल में कंपनी 479 करोड़ का निवेश करेगी। कंपनी में 3700 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। कंपनी 240000 यूनिट स्माल पैनल ड्राइवर आईसी, डिस्प्ले इंटीग्रेटेड सर्किट का निर्माण करेगी। अफसरों ने बताया, कंपनी को रोजाना 2000 एमएलडी पानी और 19 हजार केवीए बिजली की जरूरत होगी। सेक्टर 28 की इस जमीन पर पहले डाटा सेंटन बनना था, लेकिन किसी ने आवेदन नहीं किया था। अब यहां सेमीकंडक्टर यूनिट लगेगी।